<u>बिहार विधान सभा सचिवालय</u>

<u>आवश्यक सूचना</u>

विज्ञापन सं०–04 / 2018

बिहार विधान सभा सचिवालय के विज्ञापन सं०–04 / 2018 के अन्तर्गत *(i)* **पुस्तकालय परिचारी** *(ii)* **क्रमपत्र वितरक** *(iii)* **कार्यालय परिचारी** *(iv)* **कार्यालय परिचारी (दरबान)** *(v)* **कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी)** *(vi)* **कार्यालय परिचारी (माली)** एवं *(vii)* **कार्यालय परिचारी (फर्राश)** के पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 11.09.2019 से बिहार विधान सभा सचिवालय के एनेक्सी भवन में साक्षात्कार प्रारम्भ है।

दिनांक 28.09.2019 को हुई भारी वर्षा के फलस्वरूप उत्पन्न प्राकृतिक आपदा तथा दिनांक 21.12.2019 को बिहार बंद के फलस्वरूप कुछ स्थानों पर यातायात बाधित होने के कारण साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से इस हेतु दूसरी तिथि निर्धारित किये जाने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। इन अभ्यावेदनों पर विचार के क्रम में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थी जो दिनांक 28.09.2019 को हुई भारी वर्षा के फलस्वरूप उत्पन्न प्राकृतिक आपदा तथा दिनांक 21.12.2019 को बिहार बंद के फलस्वरूप यातायात बाधित होने के कारण साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हो सके, वे अपने प्रवेश पत्र के साथ दिनांक 15.01.2020 तक सचिव, बिहार विधान सभा के ई–मेल secretarybvs@gmail.com पर अथवा उप सचिव (नियुक्ति कोषांग) के समक्ष स्वयं उपस्थित हो कर आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

07/01/2020

सचिव

बिहार विधान सभा, पटना।